# राजस्थान के रोहिताश ने रायबरेली से किया पहला नामांकन

## चौथे दिन 3 दल सहित 7 निर्दल उम्मीदवारों ने खरीदे 12 पर्चे, पहली बार चुनावी मैदान में उतरे रोहिताश सारस्वत

संवाददाता, रायबरेली



नामांकन पत्र दाखिल करते मानवतावादी समाज पार्टी के प्रत्याशी रोहिताश सारस्वत।



मानवतावादी समाज पार्टी के प्रत्याशी के नामांकन में उमड़ी समर्थकों की भीड़।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले की सियासी गर्मी में अभी ठंड नजर आ रही है। निर्दल और छोटे दलों को छोड़कर अभी जिले में कहीं भी चुनाव जैसा माहौल नजर नहीं आ रहा है। नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन सोमवार को मानवतावादी समाज पार्टी से रोहिताश सारस्वत ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर अपना नामांकन पत्र जमा किया। सुबह से लोगों को उम्मीद रही कि आज कई उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल हो सकते है लेकिन एक को छोड़कर सारा दिन कलेक्ट्रेट परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। उधर, सरदार सिद्धांत पार्टी, मौलिक अधिकार पार्टी व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के उम्मीदवारों सहित 7 निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र लिया। सोमवार को दस उम्मीदवारों ने 12 नामांकन पत्र लिए।

सबसे पहले नामांकन पत्र दाखिल करने वाले रोहितास के पास 8 हजार नगदी व पत्नी अदिति के पास 48 हजार की नगदी है। इनके पास एक मालवाहन छोड़कर कोई वाहन नही है जबकि लाखों रुपये की बैंक की देनदारी है। करौली राजस्थान के रहने वाले रोहिताश का यह पहला चुनाव है, रायबरेली में इनका कोई मकान नही है। वह एक वास्तुकार है जबकि पत्नी अधिवक्ता है।

### सड़क पर सन्नाटा, चप्पे-चप्पे पर रही खाकी की नजर

**रायबरेली।** कलेक्ट्रेट परिसर व उसके आसपास आने जाने वाले लोगों पर खाकी की खास नजर रही है। डिग्री कालेज से नेहरू नगर की तरफ जाने वाली सड़क पर सुबह से तीन बजे तक सन्नाटा पसरा रहा इस दौरान केवल निर्वाचन से जुड़े लोग व पुलिस के लोग ही ज्यादा नजर आ रहे थे। मेन गेट से दाखिल होते ही लोगो को तलाशी ली जाती है।

# ज्यादा से ज्यादा लोग करें मतदान : जिलाधिकारी

## मतदान केंद्रों पर पहुंचकर डीएम-एसपी ने देखी चुनावी तैयारियां

ऊंचाहार, रायबरेली





प्राथमिक विद्यालय पट्टी रहस कैथवल का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने सोमवार को क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं के साथ रास्ते और सुरक्षा की दृष्टि से की गई व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

डीएम ने रायबरेली-प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर स्थित मतदान केंद्र सबीसपुर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को परखा। मतदान केंद्र पर बिजली पानी की व्यवस्था को देखा। इसके बाद अरखा में बने मतदान केंद्र और वहां के रास्तों का निरीक्षण किया। क्षेत्र पट्टी रहस कैथवल गांव के मध्य स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए। यह मतदान केंद्र आबादी के अंदर होने के कारण डीएम ने सुरक्षा को लेकर अधिनस्थों से कई सवाल किए। डीएम ने मौजूद लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। दोनों अधिकारियों ने प्रतापगढ़ जनपद से जुड़ने वाली जिले की सीमा का निरीक्षण किया। अंत में फतेहपुर जनपद की सीमा से जुड़ने वाले खरौली पूरे तीर गंगा पुल को भी देखा है। इस मौके पर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी, कोतवाल अनिल कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### आज भी अंधेरे में रहेंगे 30 गांव



**सतांव, रायबरेली।** अमृत विचार- क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र पोरई में ट्रांसफार्मर के पुराने पैनल बदले जाने की वजह से उपकेंद्र के सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति मंगलवार को बाधित रहेगी। उपकेंद्र के अवर अभियंता शशांक शर्मा ने बताया है उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर के पुराने पैनल बदलने का कार्य चल रहा है जो कि सोमवार को पूर्ण नही हो सका है, जिस वजह से मंगलवार को भी सभी फीडर बन्द रहेंगे। उपकेन्द्र में चल रहे कार्य की वजह से मलिक मऊ चौबारा, पोरई, देदौर,संराय मुबारक, जतुआ टप्पा, बथुआ खास,चंदवल, जैतीपुर,चंदई रघुनाथपुर, सहित लगभग 30 गावों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# दबंग ने युवक पर किया हमला, अस्पताल में भर्ती

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वह बिना किसी भय के कभी भी किसी घटना को अंजाम दे सकते हैं। थाना क्षेत्र से एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां एक दबंग ने बाजार से घर जा रहे युवक पर पीछे से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वह जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। बेखौफ दबंग क्षेत्र में निर्भय होकर खुलेआम घूम रहा है। रविवार की शाम सरेनी के भोजपुर बाजार से सब्जी लेकर घर वापस आ रहे युवक पर पड़ोस के ही दबंग ने रास्ते में पीछे से सरिया से वार कर दिया। इससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना क्षेत्र के कोरवा गांव के रहने वाले रामचंद्र पुत्र रविशंकर अग्निहोत्री ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनका बेटा आदर्श उर्फ छोटू रविवार शाम को भोजपुर बाजार से सब्जी लेकर वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में गांव के ही राजन उर्फ उमेश चंद्र अग्निहोत्री पुत्र रमाकांत अग्निहोत्री उर्फ बचूनी ने लोहे की सरिया (रॉड) से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि अधिक रक्तस्त्राव होने की वजह से युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### पूर्व में कर चुका है मारपीट

**सरेनी।** पीड़ित पिता रामचंद्र का आरोप है कि राजन उर्फ उमेशचंद्र द्वारा पूर्व में भी कई बार मारपीट व गाली-गलौज की गई है। पुलिस को सूचना भी दी गई, लेकिन तत्कालीन थानाध्यक्ष व हल्का दरोगा द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न होने के चलते राजन का मनोबल बढ़ता गया। जिसका खामियाजा आज उसके बेटे को चुकाना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि यदि उस समय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही होती तो आज यह दिन न देखना पड़ता। साथ ही साथ पीड़ित पिता ने यह भी बताया कि हर बार मारपीट व गाली-गलौज करने के बाद राजन उर्फ उमेशचंद्र पुलिस को झूठी मनगढंत तहरीर देकर क्षेत्र के रसूखदार लोगों से पुलिस पर दबाव बनाकर हर बार बचता रहा है।

# फूफा-भतीजे को वाहन ने मारी टक्कर अधेड़ की मौत

रायबरेली

**अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के कुचरिया गांव के निकट बाइक सवार फूफा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिमसें बुजुर्ग फूफा की मौत हो गई जबकि भतीजा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे के कुचरिया गांव के निकट सोमवार शाम पूरे भवन अयासपुर डीही निवासी फतेह बहादुर अपने भतीजे संदीप पुत्र दीपेंद्र के साथ बाइक से जगतपुर की ओर रायबरेली की ओर आ रहा था। इसी दौरान कुचरिया गांव के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी अपाचे बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें युवक सहित बुजुर्ग सड़क पर गिर गए। जब तक लोग उठाते तब तक बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। कोतवाली प्रभारी शिवाकांत पांडे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### स्मृति के नामांकन में सलोन से शामिल हुए हजारों लोग

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** अमेठी की भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के नामांकन में सलोन विधान सभा से हजारों लोगों का जनसैलाब शामिल हुआ। सलोन विधायक अशोक कुमार की अगुवाई में सैकड़ों गाड़ियों के काफिले से हजारों लोग नामांकन में पहुंचे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, छतोह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, अजय कुमार उर्फ सोनू भी दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ नामांकन में शामिल हुए। भाजपा नेत्री रीता पासी, पूर्व प्रमुख सुखवीर सिंह, चेयरमैन विनोद कौशल भी अपने समर्थकों के साथ नामांकन में शामिल हुए। डीह मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, राजकुमार द्विवेदी, मनीष तिवारी, चंदन मोदनवाल, संदीप मोदनवाल सहित काफी लोग नामांकन में मौजूद रहे।

### मतदान कर मन का राज चुनेंगे मतदाता

**रायबरेली।** खीरों के न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज की कक्षा 9 की छात्रा वैश्नवी प्रजापति ने मतदाताओं को भ्रम दूर करने के लिए अपनी कलाकृति के माध्यम से जागरूक करते हुए कहा कि डरने की क्या बात है, पुलिस प्रशासन साथ है। उन्होंने मतदाताओं को बिना भय, डर के आम चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान की अपील की है। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।





### विद्युत शार्ट सर्किट से घर में लगी आग जली गृहस्थी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** घर के बगल में स्थित विद्युत पोल में हुई शार्ट सर्किट से आग लग गई। किसी प्रकार ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया है। इसमें पूरी गृहस्ती जलकर राख हो गई है। यह घटना सोमवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में हुई है। गांव के निवासी महादेव के घर में बगल में विद्युत पोल स्थापित है। सोमवार दोपहर करीब एक बजे इस विद्युत पोल में अचानक स्पार्किंग हुई और उससे निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। तेज पछुआ हवाओं के कारण तत्काल आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग को देखकर ग्रामीण दौड़े और किसी प्रकार आग पर काबू पाया, किंतु तब तक घर में रखा अनाज, टीवी, बर्तन, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो चुके थे।

# अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग, 25 बीघे फसल राख

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे कनपुरिया चोप सिंह, बेडसरी और शिवराम कोहली मजरे सिकंदरपुर गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई।

इन चारों गांवों के आस पास दर्जनों किसानों की लगभग 25 बीघे में खड़ी गेहूं की नरई जलकर नष्ट हो गई। आग के प्रचंड रूप ने पूरे कनपुरिया मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी रामनारायण पुत्र बृजमोहन के घर के बाहर रखे छप्पर को भी आगोश में ले लिया और घर के बाहर रखा छप्पर धू-धू कर जलने लगा, जिसके नीचे रखी काफी मात्रा में लकड़ियां भी जल गई। ग्राम प्रधान डब्बू सिंह की सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों की घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि, सूचना मिली है, हल्का लेखपाल रणविजय सिंह को मौके पर भेजकर जांच पड़ताल कराई जा रही है।

### घर में लगी आग से गृहस्थी जलकर नष्ट



गांव में घर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के मैरी मजरे बेलागुशीशी गांव में अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। आग से घर में रखी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। सोमवार की सुबह अचानक घर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस और दमकल के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। चंद्रवती पत्नी स्व छंगा लाल अपनी बेटी श्रीकांती व उनके दो छोटे बच्चों संग गांव में रहती है। क्षेत्रीय लेखपाल संतोष कुमार त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। इस दौरान उसे शासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया गया। उधर, बछरावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भवानी खेड़ा पोस्ट पश्चिम गांव के रहने वाले विनोद पासी के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने के कारण घर में रखा खाने पीने का सामान एवं विनोद का आशियाना जलकर राख हो गया। घंटो कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पीड़ित विनोद पासी ने बताया कि घर में रखा खाने-पीने का सामान एवं अनाज सहित अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर खाक हो गई है।

### डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बेड़ारु में गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। जिसमें विधवा महिला की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सोमवार की दोपहर बेड़ारु गांव की रहने वाली सीता देवी पत्नी स्व राम बहादुर सिंह को सूचना मिली कि उनकी गेहूं की फसल में आग लग गई है। सूचना पर ग्रामीण खेत में पहुंचते तब तक डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जल चुकी थी। ग्रामीणों ने कड़ी मसक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया। गेहूं की फसल जल जाने से गरीब महिला के सामने भुखमरी का संकट आकर खड़ा हो गया है। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल ने हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम से नहरों में जलापूर्ति कराने की मांग

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम लालगंज मनोज कुमार सिंह को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से नहरों में जलापूर्ति कराने की मांग की है। ज्ञापन देकर भारतीय किसान यूनियन श्रमिक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी ने बताया कि सरेनी, लालगंज, खीरो, सतांव व डलमऊ ब्लॉक के नहरों में जलापूर्ति उन्नाव खंड शारदा नहर उन्नाव द्वारा की जाती है। विगत फरवरी माह से नहरों में जलापूर्ति ठप चल रही है। खजूरगांव रजबहा, सरेनी रजबहा, ऊंचगांव रजबहा, भगवंत नगर रजबहा, लालगंज रजबहा व इनसे जुड़ी अल्पिकाओं में जलापूर्ति न होने से गांवों के तालाब सूखे पड़े है जिस कारण पशु पक्षी भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। गांवों में आगजनी जैसी आपदाओं से बचाव के लिए भी पानी की किल्लत है। ज्ञापन देने वालों में सचिन तिवारी, मनोज शुक्ला व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कार ने ई-रिक्शा चालक को मारी टक्कर, गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** तेज रफ्तार कार ने राजमार्ग पर ई-रिक्शा चालक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा सोमवार को लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर प्रतापगढ़-रायबरेली की सीमा पर स्थित सबीसपुर गांव के पास हुआ है। प्रतापगढ़ जनपद के गांव मनार मजरे लाला की बाजार निवासी ओम प्रकाश ई-रिक्शा चालक है। वह सोमवार को ई रिक्शा लेकर ऊंचाहार आ रहे थे, तभी राजमार्ग पर सबीसपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनके ई-रिक्शा को साइड से टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर एंबुलेंस के माध्यम से ऊंचाहार सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### आज डीह और छतोह आएंगी स्मृति

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी मंगलवार को छतोह में मेदापुर, डीह के मझिलहा, डीह कस्बा, रामनगर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। वे छतोह के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह के बारा गांव स्थित आवास पर बैठक भी करेंगी।

### लालगंज नगर की सड़के ध्वस्त, जिम्मेदार मौन



खराब पड़ी तीन दिन पूर्व बनाई गई सड़क।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज नगर और उसके आसपास की सड़कें पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। खासतौर से नगर के चौराहे और सेमरपहा रोड के साथ-साथ बाईपास रोड, गोविंदपुर वलीली रोड पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सड़कों में खड्ड हो गए हैं। पूरे दिन सड़कों में धूल उड़ती रहती है जिससे लोग दम और सांस के मरीज भी बना रहे हैं। मामले में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अगर सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा। वहीं भाजपा नेता आज अग्रवाल ने भी अधिशासी अभियंता से दोबारा बात करके खड्ढे भर कर सड़के ठीक कराए जाने की मांग की है। सड़क खराब होने से अक्सर लालगंज नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है।

### डॉ. सुरेंद्र सिंह के निधन से शोक

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मऊ बाजार निवासी वरिष्ठ समाजसेवी डा सुरेंद्र सिंह (75) का लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला, वर्तमान विधायक श्यामसुंदर भारतीय, डॉ माताफेर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, प्रदीप चौधरी, राजकुमार सिंह, भोलू सिंह, बद्रीविशाल सिंह, हरिकेश सिंह, सुजीत सिंह, शिवदान सिंह, लवलेश पाण्डेय, श्याम भवन सिंह, दीपू अवस्थी समेत क्षेत्र के अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए उनके अंतिम संस्कार में शामिल रहे।

### ब्रांड एंबेसडर बने नगर पंचायत के सभासद



ब्रांड एंबेस्डर बने सभासद का स्वागत करते लोग।

**बछरावा, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत बछरावां के सभासद कुंवर वीरभान सिंह को (वोकल फॉर लोकल) के तहत ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी की मौजूदगी में उन्हें ब्रांड एंबेसडर का प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर आदित्य शास्त्री, डीपीएम आरिफ खान, सभासद सतीश तिवारी, ज्ञान चौधरी, राजकुमार सोनी, मोहम्मद नदीम, मन्नू गुप्ता, बालकृष्ण पांडे, आशीष चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, सोनू सोनकर, मनसू, कितेंद्र कुमार एवं नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कुंवर वीरभान सिंह की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के तमाम लोगों उन्हें बधाई दी।

### ट्रक का फटा, चपेट में आकर चार लोग घायल

**सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** गिट्टी लेकर कानपुर से रायबरेली जा रहे ट्रक का सोमवार की दोपहर अचानक टायर फट गया। जिसकी चपेट में आने से पास की पान की दुकान पर खड़े चार लोग घायल हो गए। जिन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कानपुर से आरसीसी गिट्टी लेकर रायबरेली जा रहा ट्रक जैसे ही खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहा में बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास पहुंचा तभी अचानक ट्रक का अगला दाहिना पहिया फट गया। इस दौरान वहां मौजूद मोहित कुमार निवासी बाबाखेड़ा, रमन कुमार निवासी राजूनगर, सानू चौरसिया निवासी सेमरी, विवेक कुमार निवासी केशौली घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के सहयोग से सभी घायलों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा हैं।

**परंपरा** पुरानी परम्पराओं को जीवित रखने के लिए पालकी से कराई दुल्हन की विदाई

# पालकी से विदा हुई दुल्हन, देखने के लिए उमड़ा हुजूम

नीरज श्रीवास्तव



परशदेपुर में पालकी से दुल्हन की विदाई कराकर ले जाते बाराती।

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** पालकी में हो के सवार चली रे, मैं तो अपने साजन के द्वार चली रे। 1993 में आई माधुरी दीक्षित अभिनीत मशहूर फिल्म खलनायक का ये गीत तो आपको याद ही होगा। कस्बे में गीत की यादों को ताजा करते हुए परिवार के मुखिया ने दुल्हन की विदाई के लिए पालकी का उपयोग किया। जिसने हाईटेक दौर में विलुप्त हो चुकी कई दशक पुरानी परम्पराओं की याद दिला दी।

दशकों पूर्व दुल्हन की विदाई के लिए पालकी का ही प्रयोग होता था। पालकी को उठाने के लिए कुम्हार भी रहते थे जिससे कुम्हारों की आजीविका भी चलती थी। कुम्हार या फिर अन्य लोग दुल्हन की विदाई कराकर दूल्हे के घर ले आते थे, लेकिन वक्त के साथ जमाना हाईटेक हो गया। अब दुल्हन की विदाई के लिए महंगी गाड़ियों का प्रयोग होने लगा है। अत्यधिक संपन्न लोग अब हेलीकॉप्टर से भी दुल्हन की विदाई करने लगे हैं। ऐसे दौर में कस्बे के कौशल परिवार ने दुल्हन की विदाई पालकी में कराई, जिसने लुप्त हो चुकी पुरानी परंपराओं को जीवित कर दिया। परशदेपुर के वार्ड नंबर 9 निवासी गुलाब चंद्र वैश्य के पुत्र अमन वैश्य का विवाह दयाशंकर कौशल की पुत्री आकांक्षा से कस्बे में ही संपन्न हुआ। विदाई के समय दुल्हन विदाई के लिए पालकी पर बैठी तो लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई। डीजे पर बजते गानों के साथ पालकी पर सवार होकर दुल्हन निकली तो देखने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। कस्बे में पालकी से दुल्हन की विदाई चर्चा का केंद्र बन गई है।

### लुप्त परम्पराओं को जीवित रखने के लिए कराई पालकी से विदाई

परिवार के मुखिया गुलाब चंद्र वैश्य ने बताया कि वर्तमान समय में पुरानी परम्पराएं लुप्त होती जा रही है। उन्हें जीवित रखने के लिए दुल्हन के घर वालों के सामने पालकी से विदाई का प्रस्ताव रखा गया जिसको उन लोगों ने भी सहर्ष स्वीकार कर लिया। जिससे दुल्हन को पालकी से विदा करा कर घर लाया गया।

# छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को प्रेरित करने का लिया संकल्प

ऊंचाहार, रायबरेली



मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संकल्प लेते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक रोंहनिया के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित श्याम सुन्दर विद्यापीठ इंटर कॉलेज छतौना मरियानी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्राओं ने मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया और छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के निर्देश पर जनपद में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। इसी क्रम में श्याम सुंदर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। विद्यालय स्तर पर चयनित मतदाता जागरूकता प्रभारी प्रिया सिंह ने सभी छात्राओं, एनसीसी कैडेट, अभिभावकों व शिक्षकों से अपील की कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है। लोकतंत्र का अधिकार मतदान करने से ही पता चलता है। इससे हर किसी के लिए मतदान करना गर्व की बात है। लोकतंत्र में एक-एक मत का महत्व है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरधारी लाल भार्गव, उपप्रधानाचार्य दिनेश प्रताप मिश्र, राम प्रताप यादव,अशोक कुमार, रमेश शुक्ला, सुशील कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 42 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने ग्राम गौरासैलक निवासी अशफाक के पास से 20 ग्राम व रामनगर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र फतेहपुर निवासी लालजी यादव के पास से 22 ग्राम स्मैक बरामद किया। दोनों आरोपियों के पास से कुल 42 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### 210 ग्राम गांजा के साथ एक शातिर पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र रामसनेही घाट निवासी वसीम के पास से 220 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### 20 के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आसन्न लोक सभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से बीस पर शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की गई। जबकि तीन वारंटी व सोलह वांछितों को गिरफ्तार कर लिया।

# भीषण गर्मी में सूख रहे लोगों के हलक मरम्मत के अभाव में दर्जनों हैंडपंप खराब

## सूरतगंज ब्लाक क्षेत्र का हाल, रिबोर न होने से नहीं दे पा रहे हैं पानी

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गर्मी और तपिश की वजह से लोगों के हलक सूख रहे है और जिम्मेदार कागजी कार्यवाही कर अपनी जिम्मेदारी से मुह मोड़ रहे है। विकास खंड सूरतगंज की ग्राम पंचायतों में लगे हैंडपंप तो खुद ही अपनी दास्तां बयां कर रहे हैं। दर्जनों हैंडपंप रिबोर होने की बाट जोह रहे हैं। बावजूद इसके विभाग का कहना है सब ठीक है। कुछ हैंडपंप खराब हैं जिन्हें जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

विकास खंड सूरतगंज की 103 ग्राम पंचायतों में लगभग चार हजार हैंडपंप लगाये गये थे। इनमें से तीन दर्जन से अधिक हैंडपंप रिबोर न होने की वजह से पानी नहीं दे रहे और ऐसे ही दर्जनों हैंडपंप मरम्मत के अभाव में सूखे पड़े हैं।

जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ब्लाक मुख्यालय पर हैंडपंपों को ठीक करने को लेकर कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। अधिकारियों की मानें तो उनके हिसाब से सिर्फ 65 हैंडपंप खराब है।

**केस 1**



भैरमपुर में खराब पड़ा हैंडपंप।

ग्राम भैरमपुर में तालाब के पास लगा नल पिछले कई वर्षो से ख़राब पड़ा है। मग़र प्रधान व सचिव ने इसको दुरुस्त कराना उचित नहीं समझा जबकि पिछले साल इस ग्राम पंचायत में नल के रिबोर के नाम पर रकम निकाली जा चुके है इसके बाद भी स्थिति बदतर है।

**केस 2**



अस्पताल के मोड़ पर लगा खराब हैंडपंप।

ग्राम पंचायत चन्द्र सिहाली के भिखारीपुर गांव में अस्पताल मोड़ पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है। इससे यहां आसपास लोगों व आवागमन करने वाले राहगीरों को पानी के लिए तरसना पड़ता है।

**केस 3**



सूरतगंज के मेन चौराहे पर खराब नल।

ग्राम पंचायत सूरतगंज के मैन चौराहे स्थित सिंह प्रिंटिंग प्रेस के सामने लगा हैंडपंप कई वर्षों से ख़राब पड़ा है यहां इसका आधा हिस्सा अता पता नही जबकि कस्बे का मैन चौराहा होने के कारण यहां भीड़ रहती है। गर्मी में पानी के लिए लोग इधर-उधर भटकते हैं।

**केस 4**

ग्राम पंचायत दुर्गापुर नौबस्ता के कल्लू सिंह पुरवा स्थित दलित बस्ती में रामदेव के घर के पास लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कई वर्षों से खराब पड़ा है यहां न तो बोरिंग का पता नही ही नल का नल का आधा हिस्सा सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा हुआ है लेकिन प्रधान सचिव को आज तक वह दिखाई नही दिया।



दुर्गापुर नौबस्ता के कल्लू सिंह पुरवा स्थित बस्ती में इस हाल में है हैंडपंप।

> ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में 4000 हैंडपंप स्थापित हैं। इनमे से केवल 65 नल खराब हैं जिनको ठीक कराया जा रहा है गर्मियों में नलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
>
> –देवेंद्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, सूरतगंज

# महिलाओं ने ली मतदान की शपथ

- जिले के 84 केंद्रों पर आयोजित हुए सास-बहू-ननद सम्मेलन
- महिलाओं को बतायी गयी मतदान की महत्ता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



सास-बहू-ननद सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए सोमवार को जनपद के 84 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया। जिसमें 3585 महिलाओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता स्लोगनों के साथ महिलाओं को जागरूक किया गया।

बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन में आयीं समस्त महिलाओं को को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित महिलाओं ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने को जागरूक करने की बात कही।

बाल विकास परियोजना रामनगर के आंगनबाड़ी केन्द्र में सास-बहू-ननद सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। बाल विकास परियोजना बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है। इसलिये मतदान अवश्य करें। महिलाओं ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है, उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना भी आवश्यक है।

- बाल विकास परियोजना सिरौली गौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरूक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक हैं उसी तरह मतदान आवश्यक है इसलिये मतदान आवश्य करें। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे।
- बाल विकास परियोजना फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू-ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया गया कि मतदान एक पर्व है जिसमें सभी लोग मिलकर प्रतिभाग करें और अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें। प्रतिभागियों ने कहा कि एक-एक वोट कीमती है हम वोट डालने अवश्य जायेंगे।
- बाल विकास परियोजना सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण डे के साथ-साथ आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में वोट डालने हेतु शपथ दिलायी गयी। उपस्थित प्रतिभागियों ने कहा कि मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है हम सभी परिवार के साथ मतदान करने जायेगे।
- बाल विकास परियोजना दरियाबाद के आंगनबाडी केन्द्रों पर सम्मेलन के माध्यम से मतदान जागरूकता का प्रचार किया गया जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों के साथ ग्राम वासियों ने मतदान करने की शपथ ली।

# 20 किलो पोस्ता छिलका के साथ युवक गिरफ्तार

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को पोस्ता के छिलके के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से बाइक भी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।

सतरिख थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह खरवार, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, सुनील यादव, विपिन यादव के द्वारा सेठमऊ गांव के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को आता देख एक बाइक सवार तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे घेर कर पकड़ लिया। बाइक पर बंधी सफ़ेद बोरी खोलकर देखा तो उसमे से करीब 20 किलो 200 ग्राम पोस्ता का छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने कोठी थाना क्षेत्र के समोसराय गांव निवासी दिग्विजय सिंह को गिरफ्तार करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज़ किया है और उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। घटना में शामिल बाइक को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को जेल भेज दिया गया है, घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज किया गया है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

निंदूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के कुर्सी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर निंदूरा के पास रोडवेज बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

कुर्सी थाने के प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि हादसे में सीतापुर के रामपुर कला थाना क्षेत्र के चंदेल गांव निवासी विकास उर्फ गुड्डू (26) व तुलसी कुमार (24) की मौत हुई है। जबकि बाइक पर सवार तीसरे युवक सरवन कुमार (25) को गंभीर चोटें आई हैं। मौके से हेलमेट भी मिला है। तीनों मजदूरी करने लखनऊ जा रहे थे। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दोनों शवों को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



मौके पर लगी लोगों की भीड़।

## हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने जा बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। जिसको लखनऊ स्थित बलरामपुर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लखनऊ जिले के चौक बाजार के रहने वाले मोहम्मद साहिल अपने मित्र सोनू के साथ कोठी क्षेत्र के एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे। रास्ते में हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग पर ज़ैदपुर थाना क्षेत्र के हरख गांव के पास राजा बाजार में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों लोगो को जिला अस्पताल के लिए भेजा, लेकिन मोहम्मद साहिल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया,। और सोनू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण उसको बलरामपुर हॉस्पिटल लखनऊ रेफर कर दिया गया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साहिल पुताई का कार्य करता था।

### बाइक सवार मां-बेटा घायल

**सतरिख :** थाना क्षेत्र के हैदरगढ़- बाराबंकी मार्ग पर करौंदी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में सतरिख थाना क्षेत्र के देबियापुर सहेलियां गांव निवासी अमन यादव और उसकी मां क्रांति देवी घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर अमन की हालत गंभीर होने के कारण डाक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### हवन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन




व्यास पीठ से कथा सुनाते कथावाचक रामहेत रसिया। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हवन-पूजन के उपरांत सोमवार को कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम सिरौली कला में राजकुमारी पत्नी हरिश्चंद्र यादव व उनके सुपुत्र संतोष वर्मा के संयोजन में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में पांच दिनों तक कथावाचक रामहेत रसिया द्वारा आत्मदेव धुंधकारी का जन्म उद्धार की कथा, मां शतरूपा सृष्टि उत्पत्ति राम कथा, कृष्ण जन्म पूतना बध सहित विभिन्न प्रेरक कथाओं का श्रोताओं को रसपान कराया। संगीतमयी कथा के मध्य सोहर गीत, भजन व सुमधुर आरती सुनाकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### 30 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान एक युवक को 30 ग्राम अवैध मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने रामनगर टिकैत नगर मार्ग पर सीता देवी पीजी कॉलेज मोड़ के पास मदारपुर गांव के रहने वाले राम सुधार के पास से 30 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### जुर्माना देकर छूटे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय द्वारा सोमवार को जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों मे मामूली अपराध के दोषियों को जुर्माना भरनें व अदालत उठने तक उपस्थित रहनेके की सजा सुनाई गयी। इसी के तहत थाना क्षेत्र सफदरगंज मे महिलाओं के साथ अश्लील टिप्पणी के मामले में तौहीद को पांच सौ व जैदपुर थाना क्षेत्र के मो. अतीक को महिलाओं से अश्लील टिप्पणी के मामले में सजा सुनाई। आरोपी जुर्माना देकर छूट गये।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लड़की को बहला फुसला कर भागा ले जाने के आरोप में लड़की की मां ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना लोनी कटरा क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने लोनी कटरा थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया है कि बीती 26 अप्रैल को सायंकाल चार बजे जनपद के ही थाना असंदरा निवासी ग्राम लकड़िया वासी अंकित पुत्र रमेश मल्लाह उनकी 18 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। थानाध्यक्ष लोनी कटरा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व नृत्य दिवस पर प्रतिभागी बच्चे सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार, अमृत विचार :** विश्व नृत्य दिवस पर उड़ान एकेडमी ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उड़ान एकेडमी ट्रेनिंग सेंटर क्रेयॉन्स स्कूल में प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों के मध्य नृत्य व जुम्बा प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जुम्बा और एरोबिक्स की महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन में विभिन्न आकृतियां सम्मिलित रहीं। जिसके माध्यम से उन्होंने यह दिखाया कि हम शारीरिक मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ रह सकते हैं। नृत्य में शानदार प्रस्तुति करने वालों में प्रथम स्थान पर नेहा, प्रार्थना, अद्रिका रही। दृतीय स्थान पर अनिका, वैष्णवी, ऋतु रहीं। तृतीय स्थान पर आरूषि, प्रणव, पीहू रही। सांत्वना पुरस्कार आरुष को दिया गया।

### विद्यालय का ताला तोड़ टुल्लू पंप चोरी

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में रसोई में लगे टुल्लू पम्प को ताला तोड़ कर चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दिया है। क्षेत्र के नरायनपुर ग्रान्ट गांव में स्थिति प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक बीरेंद्र बहादुर मौर्य ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर देखा कि विद्यालय परिसर में बने रसोई घर का ताला टूटा है। अंदर जाकर देखा तो जलापूर्ति के लिए लगा टुल्लू पंप अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। कुछ दिन पूर्व भी विद्यालय के बगल गांव के प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ कर मोटर व अन्य सामान भी चोरों ने गायब किया था।

### कार की ठोकर से युवक घायल, दो बच्चे भी चोटिल

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** रविवार की रात खरगूपुर रोड इटियाथोक पर बाइक व कार में टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को आनन फानन में सीएचसी इटियाथोक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलियानी कानूनगो निवासी पूजा राम (17) पुत्र अजय कुमार अपने घर से बाइक के जरिए खरगूपुर मार्ग से रिश्तेदारी में जा रहा था। खरगूपुर रोड पर पहुंचते ही कार की चपेट में आ गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर गांव के ही दो छोटे बच्चे भी बैठे हुए थे, उन्हें भी चोटें आई हैं।



किसान इंटर कॉलेज भगौली तीर्थ में सम्मानित मेधावी छात्राओं के साथ शिक्षक। अमृत विचार

### यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले मेधावी सम्मानित

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** किसान इंटर कॉलेज भगौली तीर्थ में हाईस्कूल व इंटर परीक्षा में विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को भगौली तीर्थ में स्थित किसान इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इंटर साहित्य वर्ग की छात्रा साबरीन बानो को 91.2 प्रतिशत व सुल्ताना बानो को 90.8 प्रतिशत व पलक सिंह को 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। जिनको प्रधानाचार्य व प्रबंधक द्वारा 7 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। हाई स्कूल में आराधना मौर्य को 89.6 प्रतिशत, शगुन मिश्रा को 83.83 प्रतिशत, मुस्कान वर्मा को 82.68 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इसी क्रम में इंटरमीडिएट के 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 20 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा ही बच्चों की पूंजी : वर्मा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बदोसराय, सिरौलीगौसपुर व डूडी में आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा व सुपरवाइजर सरोज यादव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों की पूंजी है।

सोमवार को मिशन बाल वटिका के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान का आयोजन आईसीडीएस तथा बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग परियोजना द्वारा बाल विकास योजना सिरौलीगौसपुर के डूडी, सिरौलीगौसपुर व बदोसराय आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया। सीडीपीओ अर्चना वर्मा द्वारा बच्चों की शुरुआती शिक्षा के महत्व के बारे बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि अपने तथा अपने आसपास के बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्र पर नामांकन कराएं तथा जिन बच्चों की एक अप्रैल को छह वर्ष की आयु पूरी हो गयी है, उन सभी बच्चों का प्राथमिक स्कूल में दाखिला अवश्य करवाएं। तीन से छह वर्ष के बच्चे आंगनबाड़ी में ही अच्छे।

जागरूकता अभियान में आई वैन द्वारा गांवों में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को पैंफलेट भी वितरित किये गये। डूडी में ग्राम प्रधान रामसिंह की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक दीपा, सौरभ, सुमन देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथिलेश, प्रतिमा यादव तथा सहायिका मिथिलेश कुमारी, आशा राधा और रेखा के अलावा गांव के अन्य लोग उपस्थित रहे।




आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर कार्यक्रम को संबोधित करतीं सीडीपीओ।

**लापरवाही** समय रहते प्रशासन की नींद न टूटी तो बाढ़ की विभीषिका का एक बार फिर दंश झेलेगी आम जनता

# कागजों में सिमटकर रह गया जमुरिया नाले की सफाई का अभियान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नगर पालिका प्रशासन ने बीते कुछ महीने पहले जमुरिया नाले की सफाई का अभियान चलाया था। थोड़ी सफाई के बाद अभियान ठप हो गया। सफाई के नाम पर औपचारिकता ही निभाई गई। जमुरिया नाले की सफाई के साथ छोटे-बड़े नाले और सीवर की सफाई को लेकर अगर जिम्मेदारों की नींद न टूटी तो मानसून आने पर शहरवासियों को एक बार फिर बाढ की विभीषिका का दंश झेलना पड़ सकता है। जमुरिया नाले में आसपास के नालों से आकर पानी गिरता है। सफाई न होने के कारण जमुरिया नाले के जल का प्रवाह थम जाता है। यही नहीं, कूड़े-करकट के ढेर से पटा यह नाला सिकुड़ता ही जा रहा है।

सफाई न होने की वजह से नाले का जल का प्रवाह तो थम ही गया है साथ ही जमुरिया का फैलाव भी धीरे संकुचित होता जा रहा है। यही कारण है कि बरसात में मूसलाधार बारिश होने से जमुरिया नाला उफना जाता है और जमुरिया का पानी आसपास के मुहल्लों व शहर मे लोगों के घरों में घुस जाता है। जिससे जान माल के साथ साथ लाखों का नुकसान आम जनता को झेलना पड़ता है।

### संक्रामक रोगों के फैलने का रहता है खतरा

जमुरिया नाले में कूड़ा-करकट की वजह से आस पास के गांधी नगर, नेहरू नगर, घोसियाना, सत्यप्रेमी नगर सहित नाले के किनारे बसे लोगों को संक्रमणजनित बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है।





सफाई अभियान की पोल खोलता जमुरिया नाले में फैला कूड़ा। अमृत विचार

### पिछले साल बारिश में सहम गया था जिला

पिछले सात बारिश के दौरान जमुरिया नाले के उफान ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया था। बाढ की वजह से लोगों की जाने गई। पूरा शहर नदी के मानिंद दिख रहा था। प्रशासन की टीमें लगातार तीन से चार दिनो तक राहत और बचाव कार्य में लगीरहीं। लोगों को घरों से निकालने के लिए पुलिस व एनडीआरएफ का सहारा लिया गया। लगातार तीन चार दिनों तक बाढ राहत और बचाव को लेकर प्रशासन हलकान रहा। तब जाकर कही स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य हो सकी थीं।।

## एक नजर

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**हलिया, मिर्जापुर।** चौकी प्रभारी देवरी अजय कुमार मिश्र ने सोमवार को मनिगढ़ा गांव निवासी रामेश्वर मौर्या को चाकू के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

### मृत गोवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के सोंदिया खुर्द गांव निवासी 25 वर्षीय विजय शंकर अपने चचेरे भाई 18 वर्षीय प्रमोद के साथ बाइक से बारात देवरी बाजार जा रहे थे कि जैसे ही पिपरा बाजार में पंहुचे कि सड़क पर मृत पड़े गोवंश से टकराकर बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद विजय शंकर की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। जबकि प्रमोद का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर चल रहा है।

### गेहूं के डंठल में लगी आग

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव में किसान राजन पांडेय ने अपने पांच बीघा गेहूं की फसल को हार्वेस्टिंग सिस्टम मशीन से से मड़ाई कराया था हार्वेस्टिंग सिस्टम मशीन से मड़ाई के बाद खेत में गेहूं का डंठल खड़ा था कि सोमवार की देर शाम गेहूं की डंठल में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के डंठल में आग लग गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीण बाल्टी डब्बा में पानी लेकर दौड़े तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी आग धीरे धीरे भारत पेट्रोलियम पंप के समीप पंहुच गई थी। लेकिन ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

# वोट के लिए श्रीकला ने फैलाया आंचल, मिलने लगा आशीर्वाद

जौनपुर

**अमृत विचार :** सोमवार 29 अप्रैल से जहां संसदीय क्षेत्र जौनपुर के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई वहीं चुनावी रण में चण्डी का रूप लेकर उतरीं श्रीकला धनंजय सिंह का भ्रमण आज शाहगंज विधान सभा क्षेत्र में रहा। यहाँ उन्होंने कुल 19 गावों, कस्बों और मोहल्लों में महिलाओं के साथ मिलकर धूम मचा दी श्रीकला ने सोमवार की सुबह से देर शाम तक सुरापुर से रुदौली, अरसीयां, करीमपुर बिन्द और एरकियाना मोल्ल्लों तक मौजूद महिलाओं, युवतियों, युवकों आदि से पूछ, हमका पहिचानत् हाउ, हमहीं बानी धनंजय सिंह के मेहरारू,,, इतना सुनते ही लोग नारे लगाने लगे।

उन्होंने रोका और कहा की आपके बेटे धनंजय को न्याय आपके वोट से मिलेगा। बहन मायावती ने मुझे आपके पास भेजा है। चुनाव चिन्ह आप सबके मालूम बा, इसपर नारे लगते रहे हाथी सोमवार को श्रीकला अपनी सास यानी पूर्व सांसद धनंजय सिंह माता श्रीमती स्व. लालती देवी के रूप में नजर आईं।

22 साल बाद 2024 के संसदीय चुनाव में श्रीकला ने उसी तरह आँचल फैलाकर लोगों से मंगल सूत्र की रक्षा के लिए गुहार लगाई। जिस तरह वर्ष 2002 में विधान सभा चुनाव में माता श्रीमती लालती नजर आईं थीं उन्होंने खुले शब्दों में कहा कि मेरी बढ़ती जीत और खुद की हार से विचलित सत्ताधारी दल के लोग बस आपके बेटे को फांसने में लगे हैं। हम तो जाति, धर्म के बंधन को दर किनार करके आपके बीच खड़ी हूँ। अब मेरे मंगल सूत्र की रक्षा का फैसला आपकी अदालत में है। आपका आशीर्वाद मिला तो हम विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। श्रीकला के आँचल फैलाते ही बुजुर्ग महिलाओं के हाथ उनके सिर पर नजर आते रहे। यह सिलसिला देर शाम तक उनके साथ कायम रहा।


श्रीकला धनंजय सिंह को आशीर्वाद देतीं महिलाएं। अमृत विचार

### नौगावां में युवक की हत्या का अनावरण, तीन गिरफ्तार

**हलिया, मिर्जापुर।** रविवार को थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ने नौगावां में तीन अभियुक्त दीपक गौड़ निवासी मवईकला थाना हलिया तुषार उर्फ आर्यन 441 मुट्ठीगंज थाना मुट्ठीगंज प्रयागराज व निखिल गौड़ तिसेनतुलापुर थाना माण्डा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में बताया गया कि शादी के दौरान नेग की बात को लेकर घराती व बाराती पक्ष के बीच वाद-विवाद हो गया था। जिससे क्षुब्ध होकर बदले की भावना से हम लोगों द्वारा अजय कुमार (मृतक) को घर के पीछे अकेले में पाकर चाकू से प्रहार कर हत्या कर दी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले की मौत

## बहन की शादी के बाद रस्म निभाने गया था भाई, वापसी में हुआ दुर्घटना का शिकार

हलिया, मिर्जापुर

**अमृत विचार।** संतनगर थाना क्षेत्र के लालगंज कलवारी रोड के पटेहरा में रविवार को चार बजे ट्रक से बाइक टकराई बाइक सवार जीजा साले की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ट्रक चालक फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के पटेहरा में घोरावल से वापस घर जा रहे एक ही टीबीएस की राइडर बाइक पर तीन लोग सवार थे कि लालगंज से कलवारी की तरफ जा रही ट्रक के चपेट में आ गए। तीनो बाइक सवार सड़क के किनारे कराह रहे थे।सूचना पर पहुंची थाना संतनगर की पुलिस प्राइवेट वाहन से पीएचसी पटेहरा ले आए जहा डाक्टर देखते ही बसही निवासी 33 वर्षीय पुदुल उर्फ दिनेश को मृत घोषित कर दिया तथा हलिया थानांतर्गत हथेड़ा निवासी 31 वर्षीय राजेश, बरी निवासी 25 वर्षीय विनोद को एंबुलेंस से मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। राजेश की बहन अनीता की शादी 25 अप्रैल को घोरावल हुई थी जिसका रस्म रिवाज लेकर राजेश अपने रिश्तेदार परिवार के साथ घोरावल गए थे विदाई के बाद घर वापसी में ट्रक दुर्घटना के शिकार हो गए। थानाध्यक्ष संतनगर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रक और बाइक टकराने से तीन लोग घायल हुए थे जिसमे से बसही निवासी पुदूल की मौत हो गई है। पुदुल का शव लेकर संतनगर की पुलिस अंत्यपरीक्षण हेतु ले गई। मृतक पुदुल राजेश के साले थे शेष दो लोग मंडलीय अस्पताल एंबुलेंस से रेफर हुए है। मंडलीय चिकित्सालय में चिकित्सक ने राजेश को मृत घोषित कर दिया है।

### गम में बदली खुशी, बहन का रो रो कर बुरा हाल

बहन अनीता को कहां पता था कि उसकी विदाई ही अपने भाई राजेश के साले पुदुल के मौत का कारण बन कर कलंक के रूप में आएगा। ट्रक और बाइक दुर्घटना से रिश्तेदार की मौत और भाई का दुर्घटना ग्रस्त होने से खुशी गम में बदल गया। घटना के कुछ ही देर बाद बहन अनिता भी विदा होकर हॉस्पिटल पीएचसी पटेहरा पहुंची जहा रो रो कर उसका बुरा हाल हो गया है।

### ट्रेन से कटकर युवती की मौत

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** ट्रेन से कट कर युवती की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहेटुआ परशुरामपुर गांव निवासी स्व. प्रभूनाथ पटेल की 2 वर्षीय बेटी नेहा पटेल रविवार की रात बिना बताए घर से निकली थी। घर वाले उसकी खोजबीन कर रहे थे। रामापुर गांव के पास रेलवे लाइन पर उसका शव सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा तो फतनपुर पुलिस को सूचना दी। खबर मिलने पर घर वाले भी पहुंचे और शव की पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसआई शेषनाथ यादव ने बताया कि घर वालों के अनुसार युवती की मानसिक स्थित ठीक नहीं थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### भरभराकर कर गिरी कच्ची दीवार, अधेड़ की मौत

**पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार :** कच्ची दीवार के भरभराकर गिरने से मलबे में दबकर अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपुर के दियावां गांव में 50 वर्षीय राम तीर्थ प्रजापति सोमवार सुबह सात बजे कच्चे मकान पर बांस की सीढ़ी लगा रहे थे। एकाएक दीवार भर-भरा कर ढह गई। राम तीर्थ प्रजापति दीवार के मलबे में दब गए। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह मलवे से उन्हें बाहर निकाला गया। घायल राम तीर्थ को बदलापुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजन बिलखने लगे। राम तीर्थ पांच संतान है। एक बेटा अजय कुमार प्रजापति और चार बेटी है।

# फूलपुर सीट से निर्दलीयों ने नामांकन पत्र खरीदा


नामांकन प्रपत्र दाखिल करते हुए सपा उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह।

प्रयागराज

**अमृत विचार :** प्रयागराज में होने वाले छठवें चरण के मतदान को लेकर नामांकन सोमवार से शुरु हो गया। सोमवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना पर्चा दाखिल किया।

इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट के लिए सोमवार सोमवार से नामाकंन की प्रकिया शुरू हो गयी है। नामांकन 29 अप्रैल से 6 मई तक किया जाएगा। सोमवार इंडिया गठबन्धन इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह ने नामांकन किया। साथ ही फूलपुर लोक सभा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। सुरक्षा को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर को पहले से पूरी तरह से सील किया गया। कचहरी चौराहे से लक्ष्मी टॉकीज चौराहे के बीच पूरी तरह से बैरिकेटिंग कर दी गई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार जिलाधिकारी कोर्ट में एवं इलाहाबाद सीट से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार (मुख्य राजस्व अधिकारी) कोर्ट में नामांकन कर सकेंगे। नामांकन के लिए सुबह 11 बजे से तीन बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। फूलपुर सीट के निर्वाचन अधिकारी डीएम नवनीत सिंह चहल और इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी गौरव कुमार होंगे।

# अदवा बांध पर रैनसूट कार्य का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

हलिया, मिर्जापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अदवा बांध पर सिंचाई विभाग द्वारा साढ़े तीन करोड़ रुपए की लगात से कराए जा रहे रैनसूट के कार्य का सोमवार को मुख्य अभियंता एसके सिंह ने अदवा बांध पर पहुंचकर ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे रैनसूट के कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ कराने का हिदायत ठेकेदार को दिया है। अदवा बांध पर साढ़े तीन करोड़ रुपए की लगात से अदवा बांध पर रैनसूट का कार्य जिसकी चौड़ाई 80 सेमी व लंबाई 7.8 किलोमीटर ढलाई कार्य कराई जायेगी क्षतिग्रस्त पीचिंग व बांध के सीपेज कार्य के साथ बांध पर सड़क बनाई जायेगी यह कार्य ठेकेदार द्वारा पंद्रह महीने में पूरा कराना है।इस दौरान अधिशासी अभियंता रामशंकर राजपूत,सहायक अभियंता किशलय कुमार,अवर अभियंता सिध्दार्थ यादव आदि मौजूद रहे।


अदवा बांध पर निरीक्षण करते अभियंता।

### अवैध रूप से गेंहू लोड हो रहा ट्रक पकड़ा

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अदवा कालोनी में सोमवार को एक व्यापारी द्वारा अवैध रुप से गेहूं का परिवहन करने के लिए ट्रक को लोड कराया जा रहा था क्षेत्रीय विपणन अधिकारी केंद्र प्रभारी हलिया नारायण जी दूबे को मिलने पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी नारायण जी दूबे नेअदवा कालोनी पर पहुंचे लेकिन व्यापारी द्वारा ट्रक को मौके से हटा दिया।

जिस पर गेहूं लदे ट्रक को हलिया थाने के पास से पकड़कर ट्रक चालक से संबंधित कागजात की मांग किया गया कागजात नहीं दिखा पाने पर गेहूं लदे ट्रक को पुलिस अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा कराते हुए पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

# डीजे बंद होने पर दबंगों का तांडव

▶▶ **घरातियों और बारातियों को दौड़ाकर पीटा, कई घायल**

प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** द्वारपूजा के दौरान डीजे बंद होने पर दबंगों ने जमकर तांडव किया। बरातियों और घरातियों को दौड़ाकर पीटा। जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस और सम्भ्रांत लोगों की मौजूदगी में शादी कराई गई।

अंतू थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गड़वारा बाजार के चौरा वार्ड में रामप्यारे धुरिया की बेटी पुष्पा की बारात रविवार की रात रामगंज सुलतानपुर से आई हुई थी। द्वारपूजा के दौरान बाराती नाच गाने में व्यस्त थे। इसी दौरान वार्ड के कुछ दबंग भी बाराती में शामिल हो गए और नाचने गाने लगे। बताया गया कि वह शराब के नशे में धुत थे। द्वारपूजा सम्पन्न होने वाला था कि डीजे बंद हो गया। दबंग पुनः अश्लील गानों पर डीजे बजाने की मांग करने लगे,लेकिन जब बारातियों ने डीजे बजाने से मना कर दिया तो वह आक्रामक हो गये। इसके बाद बारातियों को दौड़ा दौड़ा कर पीटने लगे और वहां खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ करने लगे। यह देख घराती दौड़ कर मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने लगे। इस पर दबंग और आक्रोशित हो उठे और वह घरातियों से भी मारपीट करने लगे। जिस युवती की शादी हो रही थी उसके चाचा रामदुलारे को जमकर मारा पीटा जिससे उसका सिर फट गया। बवाल की सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू भी मौके पर पहुंच गए। वह लोगों को शांत कराये। कुछ देर में अंतू पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख दबंग फरार हो गए। इसके बाद पुलिस घायलों को इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले आई। यहां से रामदुलारे को गंभीर हालत में प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। इधर द्वारपूजा पर हंगामें के बाद अधिकांश बाराती बिना खाना खाये ही अपने घर वापस लौट गए। एसओ अंतू जितेंद्र सिंह, एआरटीओ चौकी इंचार्ज केशव प्रसाद, गड़वारा चौकी इंचार्ज राकेश चौरसिया और सम्भ्रांत लोगों की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया। सोमवार को सुबह दुल्हन बारातियों के साथ विदा हुई। एसओ में बताया की उपद्रव करने वाले चिन्हित किये जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### अवैध रूप से गिट्टी लादकर आ रहा हाइवा पकड़ा गया

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव से सोमवार की शाम मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वापस लौट रहे एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र व खान अधिकारी व नायब तहसीलदार रमाशंकर पांडेय ने मध्यप्रदेश की ओर से बिना प्रपत्र कागजात के गिट्टी लादकर आ रहे हाइवा वाहन को रोका गया कि वाहन चालक वाहन खड़ा कर मौके से फरार हो गया जिस पर एसडीएम ने हाइवा वाहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गिट्टी लदे हाइवा वाहन को हलिया पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि मध्यप्रदेश की ओर से बिना प्रपत्र कागजात के गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था।

### युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता : डॉ. एसपी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सपा ( इंडिया गठबंधन) लोकसभा प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल ने जनसम्पर्क कर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता है। मूलभूत सुविधाओं के अलावा शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर करने का संकल्प है। सदर विधानसभा के संडवा चंद्रिका श्रीनगर अंतू,उमरी, नागमलपुर, दूबेपुर, कल्यानपुर (बसखोरी), पूरे परमेश्वर, पाराहमीदपुर( सीतारानी) चौहारीगंज बाज़ार, दादूंपुर दौलत एवं पूरे गरीब दास (नगर पंचायत गड़वारा) में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। सपा के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर पटेल,कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता डॉ. अनूप पटेल, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ सुरेश कुमार फौजी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान उदय प्रताप वर्मा, संजय कुमार वर्मा,शहरे आलम,रामानन्द यादव आदि मौजूद रहे।

### मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का जन संकल्प : संकल्प

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सांसद एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने सदर विधानसभा क्षेत्र के अपना दल कार्यकर्ताओं के साथ संडवा चंद्रिका में जन चौपाल को संबोधित किया। कहा कि आज विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आम जनमानस कृत संकल्प है। उन्होंने पूरेअंती,जैतीपुर, रघुनाथपुर,पारा हमीदपुर, रजानीपुर,भदौसी,गड़वारा आदि जगहों पर जन चौपाल को संबोधित किया। ।इस अवसर पर जीत लाल वर्मा,रामचंद्र वर्मा, शैलेंद्र वर्मा,पंचम लाल वर्मा,अच्छे लाल वर्मा,रामकृपाल वर्मा,वीरेंद्र वर्मा,राम ।खेलावन प्रधान,विजय सिंह भल्लू,भारत लाल वर्मा, छोटेलाल वर्मा,रामबरन वर्मा, पंकज पटेल आदि रहे।

### स्वयंसेवी संस्था ने पांच सिद्धदोष बंदियों की छुड़वाया

**नैनी, अमृत विचार :** अर्थ दंड जमा नहीं कर पाने के कारण सेंट्रल जेल में कारावास की सजा भुगत रहे पांच सिद्धदोष बंदियों को एक स्वयंसेवी संस्था ने मुक्त करा दिया। जेल प्रशासन के मुताबिक एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राईट्स संस्था (एनजीओ) लखनऊ द्वारा केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज में अर्थदण्ड जमा नहीं कर पाने के कारण कारावास की सजा भुगत रहें पांच सिद्धदोष बन्दी का कुल अर्थदण्ड धनराशि सात हजार रुपए जमा किये जाने पर कारागार से मुक्त कर दिया गया है। बन्दियों की सहायता एवं सर्वतोन्मुखी विकास के लिए कारागार विभाग ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राईट्स संस्था (एन.जी.ओ.) लखनऊ के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं सराहना करता है।

### मृतक का शव पहुंचा घर, मचा कोहराम

**थरवई, प्रयागराज, अमृत विचार :** गंगापार के थरवई इलाके में बीते शुक्रवार की देर रात में बारात से अगवा किए गए लालमणि पटेल का शव सोमवार को मृतक का शव उसके घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। पूरा परिवार और ग्रामीण हंगामा करना शुरु कर दिये। मौके पर रही पुलिस ने किसी तरह से परिजनों को समझाकर शान्त कराया और शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया। वही हत्या में शामिल लोगों को जेल भी भेजा गया है। मालूम हो कि थरवई थाना गारापुर इस्माइल गंज निवासी मंगल भारतीय के यहां से बारात गारापुर गयी हुई थी। जहां लालमणि पटेल 35 वर्ष पुत्र अमृत लाल बारात में गया हुआ था। वहां बारात में किसी बात को लेकर अजय पटेल और दिलीप पटेल से विवाद हो गया। वही अजय और दिलीप व एक अज्ञात कार से पहुंचे और लालमणि को जबरियन कार में भरकर अगवा कर ले गये थे। उसके बाद लाल मणि के घरवालों ने मामले में दो नामजद अजय पटेल और दिलीप व अन्य के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने को को लालापुर घाटब्से बरामद किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को पत्थर से कूंचा गया था। ग्रामीणों और परिजनों ने शव पहुंचते ही हंगामा शुरु कर दिया। परिजनों की मांग थी कि हत्या करने वालों के घर पर बुल्डोजर चलाया जाए ।अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। आरोपियों में अनिल पटेल पुत्र लाल जी पटेल, लालजी पटेल पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ पटेल निवासी टिकरी, थाना एयरपोर्ट, कमलेश पटेल पुत्र हरिश्चंद्र पटेल निवासी शिवपुरी, विजय बहादुर पटेल पुत्र स्वर्गीय राम मूरत पटेल निवासी दयालपुर थाना सोलापुर इस्माईलगंज को जेल भेजा गया है।

# माफिया अतीक के गैंग पर ईडी क़ी नजर

▶▶ **एक विधायक व दो पूर्व विधायक का भी आया नाम**

प्रयागराज

**अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग आईएस-227 के सदस्यों पर ईडी क़ी नजर पड़ चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने गैंग के सदस्यों की अब तक कि नामी बेनामी संपत्तियों दी कुर्क किया है। पुलिस ने कई दस्तावेज ईडी को दिये है। जिसकी जांच अब अंतिम चरण में है।

बता दें कि पुलिस की छापेमारी और पूछताछ में अतीक और अशरफ के परिवार के लोग, रिश्तेदार, गैंग के सदस्यों के करोड़ों की संपत्तियों के कागज़ात पुलिस को मिले हैं। पुलिस ने कुछ कागजात ईडी को सबूत के तौर पर दिए हैं। ताकि जांच के बाद कार्रवाई में तेजी लाया जा सके। संपत्तियों को लेकर ईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रयागराज और कौशांबी के नेता रडार एक

ईडी क़ी जांच में प्रयागराज और कौशांबी के कुछ नेता भी रडार पर है। जिसमें दो पूर्व विधायकों के साथ ही एक विधायक शामिल है। हलाकि अभी उनके नाम का खुलासा नही किया गया है। उनकी जमीनों से जुड़े कागजातों को खंगाल जा चुका है। पुलिस और ईडी के हाथ लगे कागज़ात, जमीनों के प्लाटिंग, सिटी आवास योजना समेत कई अन्य कारोबार में 13 सालों तक यह सफेदपोश अतीक से जुड़े है। प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी की कार्रवाई शुरू करेगा। इससे पहले ईडी की टीम बिल्डर, चार्टर्ड, अकाउंट के यहां नामी बेनामी संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल चुकी है।

### अतीक के 31 करीबियों को किया चिन्हित

माफिया अतीक अहमद के कारोबार में शामिल 31 करीबियों को चिन्हित किया जा चुका है। एक विधायक का भी नाम सामने आया है। इसमें दो पूर्व विधायक भी शामिल है। ईडी ने उनमें से एक से पूछताछ शुरू कर दी गई है। इसके अलावा प्रयागराज के सिविल लाइंस में तीन बड़े बिल्डरों से पुलिस के अलावा ईडी पूछताछ कर चुकी है। करेली के रहने वाले तीन बड़े कारोबारी भी इस जांच के दायरे में है। धूमनगंज, नैनी, अतरसुईया, चायल, कौशांबी बेली गांव, झूंसी के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलरों पर भी ईडी और पुलिस की निगाह बनी हुई है।

### बीएसए ने प्रधानाध्यापक का वेतन बाधित किया

**मुंगराबाद, शाहपुर।** जौनपुर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखंड मुंगराबादशाहपुर के प्राथमिक विद्यालय पाण्डेयपुर का औचक निरीक्षण पूर्वान्ह 7 .50 बजे किया गया। निरीक्षण में सहायक अध्यापक सुनील कुमार सिंह 27 अप्रैल से निरीक्षण तिथि तक एवं सहायक अध्यापक संदीप कुमार सिंह एवं विनोद कुमार यादव अनुपस्थित पाए गए। प्रधानाध्यापक शशिधर मिश्रा द्वारा उक्त अनुपस्थित शिक्षकों की अनुपस्थिति कार्मिक उपस्थित पंजिका में दर्ज नहीं की गई प्राप्त हुई। अनुपस्थित सहायक अध्यापक सुनील कुमार सिंह के विरुद्ध कार्यवाही की गई। बीएसए द्वारा निर्माण कार्य का अवलोकन किए जाने पर पाया गया कि निर्माण प्रभारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बाउंड्रीवॉल के निर्माण में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है।

# एसडीएम ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**हलिया, मिर्जापुर।** एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने सोमवार को क्रिटिकल व सामान्य मतदान केंद्रों पर पंहुचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया है। एसडीएम ने मतदान प्राथमिक विद्यालय बडौही पर पहुंचकर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इसके बाद प्राथमिक विद्यालय बैधा पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया है।इसके बाद प्राथमिक विद्यालय गजरिया, प्राथमिक विद्यालय करौंदिया व प्राथमिक विद्यालय फुलियारी क्रिटिकल मतदान में पहुंचकर पेयजल ,शौचालय, विद्युत,छाया,रैंप, आदि व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार मतदान केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय,छाया, विद्युत आपूर्ति,संचार व्यवस्था साफ सफाई व्यवस्था होना चाहिए।


मतगणना केंद्र निरीक्षण करते एडीएम।

तैयारी | महाविद्यालय के खेल के मैदान में संचालित होगी एकेडमी

# पीबीपीजी कॉलेज में निखरेगी क्रिकेट व फुटबॉल की खेल प्रतिभाएं

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रिकेट और फुटबॉल की खेल प्रतिभाएं निखरेगी। कालेज ने क्रिकेट और फुटबॉल एकेडमी संचालन की पहल शुरू कर दी है। महाविद्यालय परिसर में एकेडमी खुलने से अब शहर ही नहीं ग्रामीणांचल के युवाओं को भी लाभ मिलेगा। प्रो.राजेन्द्र सिंह ( रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से संबद्ध पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी का पढ़ाई के साथ - साथ खेल के क्षेत्र में भी हमेशा से अग्रणी स्थान पर रहा है। हॉकी, एथलेटिक्स, कबड्डी,तलवारबाजी सहित अन्य खेलों का प्रशिक्षण पहले से दिया जाता है। अब महाविद्यालय की ओर क्रिकेट और फुटबॉल एकेडमी खोलने की पहल शुरू कर दी गई है।

### महिला खिलाड़ी भी ले सकेंगी प्रशिक्षण

पीबीपीजी में शुरू हो रही क्रिकेट अेर फुटबॉल एकेडमी में पुरुष वर्ग ही नहीं महिला खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। पहले चरण में प्रत्येक खेलों में 50-50 महिला खिलाड़ियों का प्रवेश लिया जाएगा। उसके बाद अगले चरण संख्या 100 कर दी जाएगी।


प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय का खेल का मैदान। अमृत विचार

### खेल के साथ दी जाएगी मिलिट्री ट्रेंनिग

पीबीपीजी कालेज में खेल एकेडमी के साथ युवाओं को मिलिट्री ट्रेनिंग भी दी जाएगी। कालेज में प्रवेश लेने वाले छात्र - छात्राओं व एकेडमी में प्रवेश लेने वाले युवाओं को रोप क्लाइंबिंग, मार्शल आर्ट सहित अन्य का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

> महाविद्यालय के खेल परिसर में क्रिकेट और फुटबाल एकेडमी का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा। दो माह पूर्व से ही खेल मैदान तैयार किया जा रहा है। एकेडमी में दोनों खेलों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। एकेडमी में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक भी शामिल किए जाएंगे। रोप क्लाइंबिंग सहित अन्य ट्रेनिंग भी दी जाएगी। समय - समय पर संबंधित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मोटिवेशन के लिए बुलाया जाएगा।
>
> **-प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव,** प्राचार्य -पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी

> महाविद्यालय में नए सत्र से शुरू हो रही क्रिकेट और फुटबॉल एकेडमी से जिले की खेल प्रतिभाओं को सहूलियत मिलेगी। इससे महाविद्यालय ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं लाभान्वित होंगी।
>
> **-राजा अनिल प्रताप सिंह,** प्रबन्धक - पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी

